आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–17 अगस्त 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश भर में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव। मथुरा में देश–विदेश से पहुंचे लाखों श्रद्धालु। रात बारह बजे इंद्रधनुषी पोशाक में कान्हा ने दिया दर्शन।
- श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा में छः सौ छियालीस करोड़ रुपए की एक सौ अट्ठारह विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास।
- भारत पहुंचे अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला। नई दिल्ली एयरपोर्ट पर हुआ जोरदार स्वागत।
- आज से लखनऊ के इकाना अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम में होगी यूपी टी–ट्वेंटी लीग के तीसरे संस्करण की शुरूआत। छः सितम्बर को होगा फाइनल मुकाबला।

**********

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कल प्रदेश भर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में भव्य उत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें लाखों की संख्या में देश–विदेश से श्रद्धालु शामिल हुए। मध्य रात्रि में भगवान कृष्ण का अभिषेक हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल सुबह मथुरा पहुंच कर श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर में पूजा–अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने श्री कृष्ण के 5 हजार 252वें जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान श्री योगी ने 646 करोड़ रुपए की 118 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया, साथ ही बृज क्षेत्र के समग्र विकास के लिए 30 हजार करोड़ रूपये की नई कार्ययोजना की घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार इस पावन भूमि के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि काशी और अयोध्या की तरह ही सरकार मथुरा में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार कर रही है।

***मथुरा, वृंदावन, बरसाना, गोकुल, बलदेव, गोवर्धन और राधा–कुंड को तीर्थ के रूप में उसकी पौराणिक मान्यता को फिर से बहाल करेंगे। ये डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्ग दर्शन और नेतृत्व में इस पूरे अभियान के साथ पूरी प्रतिबद्धता के साथ लग करके अपनी आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण के लिए और श्रद्धालुजनों की सुविधा के लिए अत्याधुनिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है।***

मथुरा के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ पुलिस लाइन और फिर गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के सभी पुलिस थानों और प्रशिक्षण संस्थानों में भी श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

**********

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण–एनएचएआई ने कल से पूरे देश में लगभग एक हजार 150 टोल प्लाजा पर 'फास्टैग वार्षिक पास' की सुविधा शुरू कर दी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि फास्टैग को बार–बार रीचार्ज करने की जरूरत खत्म करने के लिये फास्टैग वार्षिक पास सुविधा शुरू की गयी है। एक रिपोट–

***'फास्टैग वार्षिक पास' की सुविधा एक मुश्त तीन हजार रुपये की खरीद के साथ शुरू हुई है। इस पास की वैधता एक वर्ष या 200 बार टोल प्लाजा से गुजरने तक रहेगी। फास्टैग वार्षिक पास वैध फास्टैग वाले सभी गैर–व्यावसायिक वाहनों के लिए लागू है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, कल शाम सात बजे तक लगभग एक लाख चालीस हजार लोगों ने वार्षिक पास खरीद कर सक्रिय किया। मंत्रालय ने कहा है कि वार्षिक पास से सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक टोल प्लाजा पर प्राधिकरण के अधिकारी और नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। समाचार कक्ष से शैलेंद्र शर्मा।***

**********

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि कल देश भर में मनायी गयी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के लोक भवन स्थित अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि अटल जी का छह दशक लंबा राजनीतिक जीवन भारतीय राजनीति को नई दिशा देने वाला रहा।

***भारत के जीवन मूल्यों, आदर्शों भारत के अंदर विकास का मॉडल क्या होना चाहिए और वैश्विक मंच पर भारत और भारतीयता को कैसे प्रतिष्ठा दी जानी चाहिए, सदैव अटल जी सत्ता पक्ष में रहे हो या विपक्ष में उन्होंने सदैव इन बातों का ध्यान रखा, इसको प्रभावी रूप से अपना नेतृत्व भी प्रदान किया।***

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने स्वाधीनता संग्राम सेनानी, महान वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। श्री योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने उनके प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करते हुए बदायूं में पीएसी की एक नई बटालियन की स्थापना की है, जिसे वीरांगना अवंती बाई लोधी के नाम से समर्पित किया गया है। यह बटालियन प्रदेश की बेटियों को समर्पित है।

**********

एग्जियोम–4 मिशन की सफलता के बाद भारतीय अंतरिक्ष यात्री और लखनऊ निवासी ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अमेरिका से आज तड़के दिल्ली पहुंच गयें, जहां एयरपोर्ट पर केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और छात्रों के साथ ही उनके परिवार के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। शुभांशु आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे और फिर लखनऊ के लिये रवाना होंगे। शुभांशु के साथ भारत के गगन यान मिशन के लिये चुने गये एक और अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन प्रशान्त बालकृष्णन नायर भी भारत लौटे हैं। वह आईएसएस मिशन के लिये भारत के बैकअप अंतरिक्ष यात्री थे। शुभांशु के पिता शंभू दयाल शुक्ला ने कहा कि उनके स्वदेश लौटने पर उनका परिवार ही नहीं बल्कि देश और प्रदेश के लोगों में भी खुशी का माहौल है।

***बहुत उत्साह है बेटा जो है मिशन में सफल होकर आया है। हम लोग यही चाहते थे कि मतलब बेटा जल्दी से जल्दी मिशन पूरा करके घर आये। मिशन पूरा हो गया, उसका घर वापसी हो रहा, सकुशल आ रहा है तो हम उसको जल्द से जल्द मिला चाहते हैं और ये हमारे लिए बहुत सबसे जिंदगी का बड़ा दिन है कि हम उससे सकुशल मिल रहे हैं, ये हमारे लिए बहुत गौरव है।***

**********

प्रदेश के समाज कल्याण विभाग ने ग्राम विकास अधिकारी और सहायक विकास अधिकारी की सीधी भर्ती के लिये अधिकतम आयु सीमा बढ़ाकर चालीस वर्ष कर दी है। पहले अधिकतम आयु सीमा बत्तीस वर्ष निर्धारित थी। उसमें संशोधन करते हुए अब रिक्ति के विज्ञापन वर्ष में एक जुलाई को अभ्यर्थी की आयु न्यूनतम अट्ठारह और अधिकतम चालीस वर्ष होनी चाहिए। इस संशोधन के सम्बन्ध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। भर्ती की अर्हता में भी संशोधन किया गया है। पहले यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा या सरकार से मान्यता प्राप्त समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक था। अब यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा या सरकार से मान्यता प्राप्त समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होने के साथ ही ट्रिपल सी प्रमाण पत्र या सरकार से मान्यता प्राप्त समकक्ष प्रमाण पत्र भी आवश्यक है।

**********

हज यात्रा–2026 पर जाने वाले आजमीन–ए–हज की चयन प्रक्रिया पूरी हो गई है। प्रदेश के सभी 18 हजार 760 आवेदक हज के लिए चयनित हो गए हैं। राज्य हज कमेटी के सचिव एस.पी. तिवारी ने बताया कि चयनित आवेदकों को यात्रा के लिए निर्धारित धनराशि की पहली किस्त 20 अगस्त तक जमा करनी होगी।

**********

यूपी टी–20 लीग के तीसरे संस्करण की शुरुआत आज से लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई इकाना अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में होगी। उद्घाटन समारोह में कई जाने–माने कलाकार अपनी खास प्रस्तुति देंगे। इस लीग में कुल छः टीमें हिस्सा ले रहीं हैं, जिसमें लखनऊ फाल्कन्स, नोएडा सुपर किंग, काशी रूद्रास, मेरठ मैवरिक्स, कानपुर सुपरस्टार्स और गोरखपुर लाइन्स शामिल हैं। आज पहला मुकाबला मेरठ मैवरिक्स और कानपुर सुपरस्टार्स के बीच खेला जायेगा। इस लीग का फाइनल मुकाबला छः सितम्बर को होगा।

**********

बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश के विभिन्न जिलों में नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। बदायूं, फर्रुखाबाद, कानपुर में गंगा, शाहजहांपुर में रामगंगा, लखीमपुर खीरी में शारदा, बाराबंकी और बलिया में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बाढ़ प्रभावित जिलों में राहत और बचाव कार्य जारी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के सभी मंत्री अलग–अलग प्रभावित जिलों का दौरा कर राहत सामग्री वितरित करने के साथ ही बचाव कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। इसी क्रम में कन्नौज में कल राज्य मंत्री असीम अरूण ने बाढ़ का जायजा लिया और राहत सामग्री वितरित की। उधर, गर्रा नदी में बैराज से पानी छोड़े जाने की वजह से आगामी चौबीस घंटे में शाहजहांपुर में बाढ़ की स्थिति और भयावह होने की आशंका जतायी गयी है। इसे लेकर प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।

**********